जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर

क्रमांक : जीवि/2015/ 3912 दिनांक : 17/8/15

/ / सूचना / /

पी.एचडी. प्रवेश परीक्षा 2014 में सम्मिलित होकर सफल घोषित किये गये ऐसे समस्त छात्र छात्राओं जिन्होनें द्वितीय चरण का कोर्सवर्क के लिये प्रशिक्षण पूर्ण कर लिया है अथवा जो प्रथम चरण के कोर्स वर्क को पूर्ण कर चुके हैं लेकिन किन्हीं परिस्थितियोंवश दिनांक 03 जुलाई, 2015 को आयोजित कोर्स वर्क की परीक्षा में सम्मिलित नहीं हो सके हैं वे दिनांक 07/09/2015 को प्रातः 11.00 बजे से 2.00 बजे तक आयोजित होने वाली परीक्षा में सम्मिलित हो सकते हैं।

उक्त परीक्षा में सम्मिलित होने के लिये परीक्षा आवेदन–पत्र जो विश्वविद्यालय की बेवसाइट www.jiwaji.edu पर उपलब्ध हैं, से डाउनलोड कर निशुल्क दिनांक 01/09/2015 तक पी.एचडी. शाखा, अकादमी विभाग में प्रस्तुत किये जा सकते हैं।

पी.एचडी. प्रवेश परीक्षा 2014 में सफल घोषित हुये समस्त छात्र/छात्राओं को 'रिव्यू ऑफ लिटरेचर' दिनांक 01/09/2015 तक अनिवार्य रूप से अनुभाग अधिकारी, गोपनीय विभाग के पास जमा करावें। इस संबंध में यह भी स्पष्ट किया जाता है कि जो शोधार्थी पूर्व में 'रिव्यू ऑफ लिटरेचर' के अंक जमा करा चुके हैं, उन्हें जमा कराने की आवश्यकता नहीं है।

पी.एचडी. प्रवेश परीक्षा 2014 से संबंधित शोधार्थियों की शोध उपाधि समितियों की बैठक दिनांक 15/09/2015 से आयोजित की जानी संभव हैं। अतः कोर्स वर्क में उत्तीर्ण घोषित हुये समस्त शोधार्थी दिनांक 10/09/2015 तक अपनी सिनोप्सिस भी 6 प्रतियों में जमा करावें।

कुलसचिव